‘गोरख धंधा’ शब्द के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

drishtiias.com/hindi/printpdf/ban-on-the-use-of-the-word-gorakh-dhandha

चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2021 को हरियाणा सरकार ने अनैतिक प्रथाओं का वर्णन करने के लिये आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले **‘गोरख धंधा’** शब्द पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने **गोरखनाथ समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल** से मुलाकात के बाद इस संबंध में निर्णय लिया।
- गोरखनाथ समुदाय ने उनसे ‘गोरख धंधा’ शब्द के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था और कहा था कि यह संत गोरखनाथ के अनुयायियों की भावनाओं को आहत करता है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोरखनाथ संत थे और इस शब्द का किसी भी आधिकारिक भाषा, भाषण या किसी भी संदर्भ में उपयोग करने से उनके अनुयायियों की भावनाएँ आहत होती हैं, इसलिये किसी भी संदर्भ में इस शब्द के उपयोग पर अब पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।